3	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class XII, while evaluating competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totalled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.

8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Evaluation Guidelines). This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper.
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. ● Wrong question wise totaling on the title page. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totalled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

अंकन योजना हिन्दी माध्यम

सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025

अर्थशास्त्र (विषय कोड – 030)

[प्रश्न-पत्र कोड : 58/5/3]

अधिकतम अंक : 80

प्र.सं	अपेक्षित उत्तर/ मूल्य बिंदु	अंक
	खण्ड - क **(समष्टि अर्थशास्त्र)**	
1.	कीन्स के सिद्धांत के अंतर्गत, 'संदर्भ रेखा' (Reference line) मूल बिंदु से _____ कोण पर खींची जाने वाली एक सीधी रेखा है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) 25° (B) 45° (C) 55° (D) 75° **उत्तर - (B) 45°**	**1**
2.	2023 – 24 के केंद्रीय बजट में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार, सरकार की कुल प्राप्तियाँ (ऋण के अतिरिक्त) तथा कुल व्यय क्रमशः ₹ 20 लाख करोड़ तथा ₹ 45 लाख करोड़ अनुमानित हैं। अतः _____ घाटे का मूल्य ₹ 25 लाख करोड़ होगा। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) राजस्व (B) राजकोषीय (C) व्यापार (D) प्राथमिक **उत्तर - (B) राजकोषीय**	**1**
3.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : कथन 1: सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) प्रति आय इकाई उपभोग को प्रदर्शित करता है। कथन 2: जैसे-जैसे किसी देश की राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है, उपभोग में आनुपातिक वृद्धि सदैव आय में वृद्धि से अधिक होती है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।**	**1**
4.	किसी द्वि-क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में, _____ व _____ को जोड़कर समग्र पूर्ति का निर्धारण किया जा सकता है। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) उपभोग, निवेश (B) निवेश, बचत (C) उपभोग, बचत (D) बचत, निर्यात **उत्तर - (C) उपभोग, बचत**	**1**
5.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : कथन 1: किसी सरकार के लिए विदेशी सहायता (Foreign aids) पूंजीगत प्राप्तियाँ होती हैं। कथन 2: विनिवेश से सरकार की परिसंपत्तियों में कमी आ सकती है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।	

	(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।**	**1**
6.	निम्नलिखित में से उस स्थिति को पहचानिए, जो किसी राष्ट्र के भुगतान संतुलन (BOP) खाते में चालू खाते अधिशेष (CAS) को इंगित करती है। (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) चालू खाते की प्राप्तियों का चालू खाते के भुगतानों पर आधिक्य। (B) चालू खाते की प्राप्तियों व चालू खाते के भुगतानों में समानता। (C) चालू खाते के भुगतानों का चालू खाते की प्राप्तियों पर अधिक्य। (D) चालू खाते के भुगतानों का पूँजी खाते की प्राप्तियों पर अधिक्य। **उत्तर - (A) चालू खाते की प्राप्तियों का चालू खाते के भुगतानों पर आधिक्य।**	**1**
7.	बाज़ार मूल्य पर शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA_{MP}) का मूल्य प्राप्त करने के लिए, बाज़ार मूल्य पर सकल वर्धित मूल्य (GVA_{MP}) में/से _____ को _____ जाना चाहिए। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) मूल्यह्रास, जोडा (B) मूल्यह्रास, घटाया (C) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर, घटाया (D) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर, जोडा **उत्तर - (B) मूल्यह्रास, घटाया**	**1**
8.	पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सार्वजनिक वस्तु को वर्णित **नहीं** करता है। (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए निःशुल्क टीके (वैक्सीन) (B) सेना द्वारा प्रदत्त रक्षा सेवाएँ (C) किसी व्यक्ति द्वारा रेलवे टिकट का क्रय (D) किसी शहर की नगरपालिका द्वारा स्थापित स्ट्रीट लाइट (Street light) **उत्तर - (C) किसी व्यक्ति द्वारा रेलवे टिकट का क्रय**	**1**
9.	विदेशी विनिमय दर निर्धारण में माँग व पूर्ति की बाजार शक्तियाँ _____ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत सक्रिय रूप से परस्पर क्रिया करती हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) स्थिर (B) नम्य (C) प्रबंधित तिरती (D) स्थिर तिरती **उत्तर - (B) नम्य**	**1**
10.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : कथन 1: अवस्फीतिकारी अंतराल के दौरान, किसी राष्ट्र का केंद्रीय बैंक रेपो (Repo) दर में वृद्धि कर सकता है। कथन 2: सरकार खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) के क्रय द्वारा अवस्फीतिकारी अंतराल को कम कर सकती है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।**	**1**
11.	"भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2022 – 23 के अनुसार, भू-राजनीतिक संघर्ष के प्रादुर्भाव के कारण उर्वरक व ईंधन के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि हुई थी। अतः लोगों की सहायता सुनिश्चित करने के लिए ईंधन व उर्वरक उपदान की आवश्यकताओं में बढ़ोतरी हुई थी।" दिए गए गद्य के आधार पर, सरकार की इंगित बजट उद्देश्य की पहचान व व्याख्या कीजिए। **उत्तर - सरकार के इंगित बजट का उद्देश्य 'स्थिरीकरण कार्य' है।**	**1**

	स्थिरीकरण कार्य का उद्देश्य सरकार की कराधान और व्यय नीति के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों में बड़े पैमाने पर उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करना है। सरकार मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए ईंधन और उर्वरक उपदान प्रदान करने पर व्यय कर सकती है।	**2**
		3
12.	मूल्य वृद्धि विधि के अंतर्गत, राष्ट्रीय आय के आकलन से संबंधित चरणों का उल्लेख कीजिए।	
(क)	**उत्तर - मूल्य वर्धित विधि के अन्तर्गत राष्ट्रीय आय के आकलन से संबंधित चरण:**	
	1. उत्पादन इकाइयों को अलग-अलग क्षेत्रकों अर्थात् प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र में पहचानें और वर्गीकृत करें।	**1**
	2. उत्पादन के मूल्य में से मध्यवर्ती उपभोग के मूल्य को घटाकर प्रत्येक क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धित का अनुमान लगाएं और बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद पर पहुंचने के लिए प्रत्येक क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धित को जोड़ें।	**1**
	3. अंत में, मूल्यह्रास, शुद्ध अप्रत्यक्ष करों के मूल्य का अनुमान लगाकर उन्हें घटाएं और राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) पर पहुंचने के लिए विदेश से शुद्ध कारक आय जोड़ें।	**1**
	अथवा	**3**
(ख)	निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर, 2020 – 21 को आधार वर्ष मानते हुए, वर्ष 2022 – 23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए।	

(सभी आँकड़े ₹ करोड़ में)

वर्ष	नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद	नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद (आधार वर्ष के मूल्यों के अनुसार समायोजित)
2020 – 21	3,000	5,000
2022 – 23	4,000	6,000

उत्तर: वर्ष 2022-23 के दौरान वास्तविक सकल घरेलु उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन

$$= \frac{\text{वास्तविक } GDP \text{ में परिवर्तन}}{\text{वास्तविक } GDP} \times 100$$

$$= \frac{6000-5000}{5000} \times 100$$

$$= 20\%$$

1½
1
½

3

13.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : "एक अर्थव्यवस्था में, समग्र माँग में उल्लेखनीय कमी ने, देश के भविष्य की विकास संभावनाओं के बारे में चिंताएँ उत्पन्न कर दी हैं। यह आर्थिक मंदी, गृहस्थों के विश्वास में वृद्धि करने तथा आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए रणनीतिक उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।" उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, उन उपायों की व्याख्या कीजिए जिन्हें सरकार निर्दिष्ट स्थिति को स्थिर करने के लिए कर सकती है।	
	उत्तर: उपरोक्त इंगित की गई स्थिति 'अपस्फीति' है जो अर्थव्यवस्था में समग्र मांग में कमी का परिणाम है। अपस्फीति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार निम्न उपाय कर सकती है - • **करों की दरों को कम कर सकती है जिससे आम जनता के हाथों में प्रयोज्य आय (क्रय शक्ति) बढ़ सकती है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में वृद्धि हो सकती है, जिससे अपस्फीति की स्थिति ठीक हो सकती है।** • **सार्वजनिक व्यय में वृद्धि कर सकती है जिससे अर्थव्यवस्था में आय का स्तर बढ़ सकता है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में वृद्धि हो सकती है, जिससे अपस्फीति की स्थिति ठीक हो सकती है।**	**2** **2**
		4
14.	"2023 – 24 के दौरान, US $ 70.9 Bn के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) अंतर्वाह व US $ 32.4 Bn के शुद्ध विदेशी पोर्टफोलियो निवेश अंतर्वाह के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में तीव्र परिवर्तन का अनुभव किया गया है।"	
(क)	(i) उपर्युक्त आर्थिक चरों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।	

	उत्तर - प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का तात्पर्य भौतिक परिसंपत्तियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से है, जिसमें फर्म पर काफी हद तक प्रभाव और नियंत्रण होता है।	**1**
	जबकि;	
	विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) का तात्पर्य स्टॉक, बॉन्ड या अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेश से है और इसमें फर्म पर सक्रिय प्रबंधन या नियंत्रण शामिल नहीं होता है।	**1**
	(ii) भुगतान संतुलन के किस खाते में उपर्युक्त मदों को दर्ज किया जाएगा व क्यों?	
	उत्तर - उपर्युक्त मदों को भुगतान संतुलन के पूंजी खाते में दर्ज किया जाएगा।	**1**
	पूंजी खाते में परिसंपत्तियों के सभी अंतरराष्ट्रीय लेनदेन को शामिल किया जाता है।	**1**
	अथवा	**4**
(ख)	व्याख्या कीजिए कि, स्वायत्त लेन-देन किस प्रकार समायोजन लेन-देन से भिन्न होते हैं।	
	उत्तर: स्वायत्त लेन-देन वे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेन-देन हैं जो भुगतान संतुलन (BOP) की स्थिति से स्वतंत्र होते हैं। ये लेन-देन सामान्यतः 'आर्थिक उद्देश्य' से किए जाते हैं। ऐसे लेन-देन को बीओपी खाते में 'रेखा से ऊपर' की मदें कहा जाता है।	**2**
	जबकि;	
	समायोजन लेन-देन वे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेन-देन हैं जो भुगतान संतुलन (BOP) में अधिशेष या घाटे को पूरा करने के लिए (सक्षम अधिकारियों द्वारा) किए जाते हैं। ये लेन-देन किसी भी आर्थिक उद्देश्य से स्वतंत्र होते हैं। ऐसे लेन-देन को बीओपी खाते में 'रेखा से नीचे' की मदें कहा जाता है।	**2**
		4
15.	मान लीजिए कि दो काल्पनिक अर्थव्यवस्थाओं A व B के लिए, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मान क्रमशः 0.5 तथा 0.8 है। दोनों अर्थव्यस्थाओं के लिए, स्वायत्त उपभोग ($\bar{c}$) = ₹ 400 करोड़ है तथा निवेश व्यय (I) = ₹2,000 करोड़ है। निम्नलिखित की गणना कीजिए : (क) अर्थव्यवस्था A के लिए आय का सम स्तर (Break-even level)। (ख) अर्थव्यवस्था B के लिए आय का संतुलन स्तर।	
	उत्तर: दिया गया है, **स्वायत्त उपभोग ($\bar{c}$) = ₹ 400 करोड़** **निवेश व्यय (I) = ₹ 2000 करोड़** **अर्थव्यवस्था A के लिए, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.5** **अर्थव्यवस्था B के लिए, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.8**	
	(a) जैसा कि हम जानते हैं, अर्थव्यवस्था A के लिए आय का सम-स्तर; Y = C	**1**
	$Y = \bar{c}$ + (MPC) Y	
	Y = 400 + 0.5Y	**½**
	Y= ₹ 800 करोड़	**½**
	(b) अर्थव्यवस्था B के लिए आय का संतुलन स्तर; Y= C + I	**1**
	Y= $\bar{c}$ + (MPC) Y + I	
	Y= 400 + 0.8Y + 2000	**½**
	Y= ₹ 12,000 करोड़	**½**
		4
16.	(क) "किसी राष्ट्र में, नियमित आर्थिक संचालन, सुचारु आर्थिक गतिविधियां लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए विनियम के एक स्थिर माध्यम पर निर्भर करता है।" मुद्रा के निर्दिष्ट कार्य पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।	
	उत्तर - मुद्रा का निर्दिष्ट कार्य 'विनिमय का माध्यम' है।	**1**
	किसी भी लेन-देन के लिए मुद्रा एक सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य माध्यम के रूप में कार्य करती है। मुद्रा वस्तुओं और सेवाओं के क्रय/विक्रय के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करती है। यह बाज़ार में विनिमय को सुविधाजनक बनाकर आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की सीमा को समाप्त करती है।	**2**
	(ख) मुद्रा आपूर्ति के M1 माप का अर्थ व घटकों का उल्लेख कीजिए।	
	उत्तर: मुद्रा आपूर्ति का M1 माप, अर्थव्यवस्था में किसी विशेष समय पर जनता के पास रखी गई मुद्रा की कुल मात्रा को संदर्भित करती है।	**1**

मुद्रा आपूर्ति के M1 माप के दो घटक हैं:

- **जनता द्वारा रखी गई करेंसी (नोट और सिक्के)।** ½
- **वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रखी गई शुद्ध मांग जमा।** ½

(ग) साख गुणक की गणना करने का सूत्र लिखिए।

उत्तर – साख गुणक $= \frac{1}{\text{आरक्षित अनुपात}}$ **1**

6

17. (क) (i) किसी राष्ट्र में 20 नए उपरिगामी (flyovers) के निर्माण से अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व कल्याण पर संभावित प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर: 20 नए उपरिगामी (flyovers) के निर्माण से सकल घरेलू उत्पाद (GDP) पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि साधारणतया बेहतर आधारिक संरचना अर्थव्यवस्था में अधिक निवेश को आकर्षित करती है और इससे रोज़गार के अवसरों में वृद्धि हो सकती है। इससे यात्रा का समय और औसत परिवहन लागत भी कम हो सकती है। परिणामस्वरूप, नागरिकों के कल्याण में सुधार हो सकता है। **2**

(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)

(ii) मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केवल तीन फर्में A, B और C हैं। एक निश्चित समयावधि के दौरान, उनके द्वारा निम्नलिखित लेनदेन किए गए हैं :

(I) फर्म A ने फर्म B को ₹ 2,000 तथा फर्म C को ₹ 1,200 के मूल्य का माल विक्रय किया।

(II) फर्म B ने फर्म A को ₹ 1,100 तथा फर्म C को ₹ 3,500 के मूल्य का माल विक्रय किया।

(III) फर्म C ने गृहस्थों को ₹5,700 के मूल्य के माल का अंतिम उपभोग के लिए विक्रय किया।

शुद्ध अप्रत्यक्ष करों का मूल्य ₹ 200 मानते हुए, साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP_{FC}) के मूल्य का अनुमान लगाइए।

मूल्य का अनुमान लगाइए।

उत्तर -

फर्म	**उत्पादन का मूल्य (₹ में) (i)**	**मध्यवर्ती उपभोग (₹ में) (ii)**	**सकल मूल्य वर्धन (₹ में) {(i) – (ii)}**
A	**2,000 + 1,200**	**1,100**	**2,100**
B	**1,100 + 3,500**	**2,000**	**2,600**
C	**5,700**	**1,200 + 3,500**	**1,000**
	13,500	**7,800**	**5,700**
बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP_{MP})			

½ ½ ½ ½

कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP_{FC}) = GDP_{MP} - शुद्ध अप्रत्यक्ष कर **1**

= 5,700 - 200 ½

= ₹ 5,500 ½

(अन्य किसी प्रासंगिक विधि के लिए भी अंक प्रदान किए जाएँ)

अथवा

6

(ख) "सभी उपभोग वस्तुएँ टिकाऊ प्रकृति की होती हैं।"

वैध तर्क से दिए गए कथन का समर्थन या खंडन कीजिए।

उत्तर - दिए गए कथन का खंडन किया जाता है। उपभोग वस्तुओं को टिकाऊ और गैर-टिकाऊ वस्तुओं के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। गैर-टिकाऊ उपभोग वस्तुओं, जैसे कि खाद्य और पेय पदार्थ, का जीवनकाल अल्प होता है। जबकि टिकाऊ उपभोग वस्तुओं, जैसे कि कार और घरेलू उपकरण, का उपयोग सामान्यतः एक वर्ष से अधिक समय तक किया जा सकता है। इसलिए, सभी उपभोग वस्तुएँ टिकाऊ प्रकृति नहीं होती हैं। **3**

(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)

(ii) दिए गए आंकड़ों के आधार पर, राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) के मूल्य का अनुमान लगाइए :

क्र.सं.	मदें	राशि (₹ करोड़ में)
(i)	घरेलू उपभोग व्यय	1,800
(ii)	सकल व्यापारिक स्थायी पूँजी निर्माण	1,150
(iii)	सकल आवासीय निर्माण व्यय	1,020
(iv)	सरकारी अंतिम उपभोग व्यय	2,170
(v)	निर्यात पर आयात का आधिक्य	720
(vi)	मालसूची (Inventory) निवेश	540
(vii)	सकल सार्वजनिक निवेश	1,300
(viii)	शुद्ध अप्रत्यक्ष कर	240
(ix)	विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय	(–) 250
(x)	स्थायी पूँजी का उपभोग	440

उत्तर -

राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) = (i) + (iv) + (ii) + (iii) + (vii) + (vi) – (v) – (x) + (ix) – (viii) **1½**

=1,800+2,170+1,150+1,020+1,300+540–720–440+(-250) – 240 **1**

= ₹ 6,330 करोड़ **½**

6

खंड – ख
(भारतीय आर्थिक विकास)

18. पहचान कीजिए कि, पर्यावरण के कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है ?

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) पर्यावरण संसाधन उपलब्ध कराता है।
(B) पर्यावरण अपव्यव को अवशोषित करता है।
(C) पर्यावरण जीवन का पोषण करता है।
(D) पर्यावरण जीवन की गुणवत्ता का क्षय करता है।

उत्तर - (D) पर्यावरण जीवन की गुणवत्ता का क्षय करता है। **1**

19. निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : 1991 में प्रारंभ किए गए वित्तीय क्षेत्र सुधारों के अंतर्गत, बैंकों में विदेशी निवेश की सीमा लगभग 74% तक बढ़ा दी गई थी।

कारण (R) : 1991 के उपरांत, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) को भारतीय वित्तीय बाजारों में निवेश करने की अनुमति दे दी गई थी।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।
(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

उत्तर - (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। **1**

20. "मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि की स्थिति का अनुभव कर रही है, जबकि अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसरों में पर्याप्त वृद्धि नहीं हो रही है।"

ऐसी स्थिति को, आर्थिक भाषा शैली में _____ वृद्धि कहा जाता है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) अनियत (Casual)
(B) अनौपचारिक
(C) औपचारिक
(D) रोजगार विहीन

उत्तर - (D) रोजगार विहीन **1**

21.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : कथन 1 : ब्रिटिश नीतियों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में रोजगार सृजन हुआ था। कथन 2 : औपनिवेशिक सरकार के संरचनात्मक ढांचे के विकास का वास्तविक उद्देश्य भारतीय हितों को लाभान्वित करना था। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।**	**1**
22.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : कथन 1 : सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर किए गए खाद्यान्न के क्रय को बफर स्टॉक के रूप में रखा जाता है। कथन 2 : न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) कृषि उत्पाद मूल्य में किसी भी तीव्र गिरावट के विरुद्ध, कृषकों को सुरक्षा प्रदान करता है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।**	**1**
23.	निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :  निम्नलिखित में से उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो 1947 की अवधि के उपरांत भारत व पाकिस्तान की नीतियों में समानताओं को इंगित करता है : (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) दोहरी कीमत-निर्धारण नीति (B) कम्यून प्रणाली (C) आयात प्रतिस्थापन (D) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति **उत्तर - (C) आयात प्रतिस्थापन**	**1**
24.	एक विशिष्ट फसल के स्थान पर, विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन _____ के विविधीकरण के रूप में जाना जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) फसलों (B) कृषि उत्पादन (C) क्षेत्रीय संरचना (D) रोजगार **उत्तर - (A) फसलों**	**1**
25.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : अभिकथन (A) : लोग श्रम व अन्य बाजारों (जैसे कि शिक्षा व स्वास्थ्य) से संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए व्यय करते हैं। कारण (R) : मानव पूंजी स्टॉक के कुशलतम प्रयोग के लिए सूचना पर व्यय आवश्यक है। विकल्प : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।	

	(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर - (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।**	**1**
26.	स्वतंत्रता उपरांत युग में, भारत के नीति निर्माताओं ने प्रथम _____ पंचवर्षीय योजनाओं के लिए 'आत्मनिर्भरता' पर जोर दिया था। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) 6 (B) 7 (C) 8 (D) 9 **उत्तर - (B) 7**	**1**
27.	पहचान कीजिए कि, भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है? (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली में बहु-एजेंसी संस्थानों का एक समूह सम्मिलित है। (B) स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, भारत में एक सुचारू रूप से संरचित ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली का निर्माण किया गया था। (C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी व भूमि विकास बैंक भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के घटक हैं। (D) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली भारतीय स्टेट बैंक के मार्गदर्शन, निर्देशन व पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती है। **उत्तर - (D) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली भारतीय स्टेट बैंक के मार्गदर्शन, निर्देशन व पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती है।**	**1**
28.	निम्नलिखित आँकड़ों का उपयोग करते हुए, सकल वर्धित मूल्य (GVA) में भारत व पाकिस्तान के क्षेत्रीय योगदान का विश्लेषण कीजिए। *2018-19 में रोजगार एवं सकल वर्धित मूल्य (%) के क्षेत्रीय अंश* क्षेत्र / सकल वर्धित मूल्य में योगदान / कार्यबल का वितरण भारत | चीन | पाकिस्तान | भारत | चीन | पाकिस्तान कृषि 16 7 24 43 26 41 उद्योग 30 41 19 25 28 24 सेवा 54 52 57 32 46 35 योग 100 100 100 100 100 100 **उत्तर - उपरोक्त आंकड़े भारत और पाकिस्तान के सकल वर्धित मूल्य (GVA) की क्षेत्रीय हिस्सेदारी से संबंधित है। उपरोक्त आंकड़ों के अनुसार, भारत के GVA में कृषि क्षेत्र का योगदान 16% है, जबकि पाकिस्तान में यह 24% है। भारत में, औद्योगिक क्षेत्र ने GVA में 30% का योगदान दिया, जबकि यह योगदान पाकिस्तान में 19% है। भारत और पाकिस्तान में, GVA में सेवा क्षेत्र का योगदान उच्चतम है जो क्रमशः 54% और 57% है। इस प्रकार, दोनों देशों में, सेवा क्षेत्र विकास में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभरा है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
29. (क)	"भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के परिणामस्वरूप भारतीय स्वदेशी उद्योगों का व्यवस्थित रूप से विऔद्योगीकरण हुआ था।" वैध तर्कों द्वारा अंग्रेजों के दोहरे उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। **उत्तर - भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का दोहरा उद्देश्य था:** • **भारत को ब्रिटेन में विकसित हो रहे आधुनिक उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल के मात्र निर्यातक बनाना।**	**1 ½**

	• **भारत को अपने तैयार उत्पादों के लिए एक विशाल बाजार में बदलना ताकि अपने देश का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके।**	**1 ½**
	अथवा	**3**
(ख)	"1991 के आर्थिक सुधारों के दौरान भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई व्यापार और निवेश नीति में स्थानीय उद्योगों के संदर्भ में कुछ प्रमुख निर्णय सम्मिलित थे।" किन्हीं दो प्रमुख निर्णयों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा कीजिए। **उत्तर - 1991 के दौरान भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए व्यापार और निवेश नीति सुधारों का उद्देश्य मात्रात्मक प्रतिबंधों की संरचना को खत्म करना और प्रशुल्क दरों में कमी करना था।** **इस नीति के उदारीकरण से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय वस्तुओं की प्रतिस्पर्धी स्थिति में वृद्धि हुई और विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी का प्रवाह बढ़ा।**	**1 ½** **1 ½**
		3
30. **(क)**	(i) मानव पूँजी व भौतिक पूँजी के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। **उत्तर: मानव पूंजी से तात्पर्य उस ज्ञान, कौशल और योग्यता के भंडार से है जो उसके स्वामी में समाहित है, अर्थात मानव पूंजी अपने स्वामी से अविभाज्य है। इसे बाजार में क्रय/ विक्रय नहीं किया जा सकता, केवल इसकी सेवाओं का बाजार में क्रय/ विक्रय किया जा सकता है।** **जबकि;** **भौतिक पूंजी वे संपत्तियाँ (प्लांट और मशीनरी, भवन आदि) हैं, जो प्रकृति में मूर्त हैं। यह अपने स्वामी से अलग है। इसका बाजार में क्रय-विक्रय किया जा सकता है।**	**1½** **1½**
(ख)	(ii) धारणीय विकास को परिभाषित कीजिए। **उत्तर - धारणीय विकास वह विकास है वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति क्षमता से समझौता किए बिना पूरा करे।** **अथवा** (i) ग्रामीण भारत में सूक्ष्म-साख कार्यक्रम के महत्व पर संक्षेप में वर्णन कीजिए। **उत्तर - औपचारिक ऋण प्रणाली में अंतर को पाटने के लिए सूक्ष्म-साख कार्यक्रम का प्रादुर्भाव हुआ। औपचारिक ऋण वितरण तंत्र को, ग्रामीण सामाजिक संरचना में पूरी तरह से एकीकृत नहीं किया गया है। ऋणाधार की अनुपलब्धता के कारण, गरीब ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा भाग ऋण तंत्र से बाहर हो जाता है। सूक्ष्म-साख प्रणाली द्वारा इन निर्धन परिवारों को रियायती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करके औपचारिक ऋण प्रणाली के दायरे में लाया है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** (ii) भारत में धारणीय विकास प्राप्त करने में सम्मिलित किसी एक रणनीति का उल्लेख कीजिए। **उत्तर - पवन ऊर्जा का उपयोग।** **(अन्य कोई प्रासंगिक रणनीति के लिया भी अंक प्रदान किए जाए)**	**1** **4** **3** **1**
		4
31.	निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए : चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत परिवर्तन किए थे। 1970 के दशक के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में चीन की आर्थिक वृद्धि तीव्र रही थी। हालाँकि, भारत को अपने आर्थिक परिवर्तन के लिए बहुत प्रतीक्षा करनी पड़ी थी। भारत को महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति 1991 के आर्थिक सुधारों के उपरांत ही प्राप्त की गई थी, जिन्हें मजबूरी के कारण लागू किया गया था। दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, चीन व भारत द्वारा आरम्भ गए सुधारों के प्रभावों की तुलना कीजिए। **उत्तर - चीन की तीव्र आर्थिक वृद्धि का अनुमान उसके द्वारा 1978 में स्वैच्छिक रूप से शुरू किए गए सुधारों से लगाया जा सकता है। 1980 के दशक के दौरान चीन लगभग दोहरे अंकों की वृद्धि बनाए रखने में सक्षम था, जिसने विनिर्माण-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर रणनीतिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया। इसके अतिरिक्त, कृषि सुधारों ने बड़ी संख्या में निर्धन लोगों को समृद्धि प्रदान की। इसने औद्योगिक विस्तार को बढ़ावा दिया और भविष्य में सुधारों के लिए मजबूत आधार बनाया।** **इसके विपरीत, भारत को 1991 में आर्थिक सुधार शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। औद्योगिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव होते रहे और सेवा क्षेत्र की वृद्धि बढ़ गई। यह दर्शाता है कि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में वृद्धि से प्रेरित है।** **(अन्य कोई प्रासंगिक प्रभाव के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)**	**4**

32.	मान्य तर्कों द्वारा, उल्लेख व विस्तृत व्याख्या कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य : (क) स्वर्ण क्रांति के तहत बागवानी में जबरदस्त वृद्धि हुई, जिससे भारत इस क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बन गया। **उत्तर: कथन सत्य है। भारत विभिन्न प्रकार के फलों जैसे आम, केला आदि के उत्पादन में विश्व में अग्रणी बनकर उभरा है और देश फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।** (ख) छोटे और सीमांत कृषकों को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक आदि जैसे गैर-संस्थागत स्रोतों से ऋण प्राप्त करने में प्राथमिकता दी जाती है। **उत्तर: कथन असत्य है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक आदि ग्रामीण ऋण की जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा करने के लिए सरकार द्वारा स्थापित संस्थागत स्रोत हैं।**	**2** **2** **4**
33. **(क)**	(i) "आयात प्रतिस्थापन नीति को, यदि सावधानी से लागू नहीं किया गया, तो यह किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए दोधारी तलवार साबित हो सकती है।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? मान्य तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। **उत्तर: हाँ। आयात-प्रतिस्थापन नीति का उद्देश्य घरेलू उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने और विदेशी मुद्रा बचाने के लिए आयात को घरेलू उत्पादन से बदलना है।** **हालाँकि, विदेशी प्रतिस्पर्धा से सुरक्षा अच्छे से ज़्यादा नुकसान पहुँचा सकती है। प्रतिस्पर्धी बाज़ार की अनुपस्थिति में घरेलू उत्पादकों के पास अपने माल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं होगा। बदले में, उपभोक्ताओं को कम गुणवत्ता वाली वस्तुएँ अधिक कीमत पर क्रय करनी पड़ सकती हैं। इसलिए, आयात प्रतिस्थापन नीति, अगर सावधानी से लागू नहीं की जाती है, तो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए दोधारी तलवार साबित हो सकती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** (ii) उल्लेख कीजिए कि बहुपक्षीय व्यापार किस प्रकार द्विपक्षीय व्यापार से भिन्न है। **उत्तर: बहुपक्षीय व्यापार एक राष्ट्र द्वारा दो से अधिक राष्ट्र के साथ वस्तुओं और सेवाओं का आदान-प्रदान करने के लिए किया जाने वाला व्यापार है।** **जबकि ;** **द्विपक्षीय व्यापार से तात्पर्य दो राष्ट्र के बीच वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान करने के लिए किए जाने वाले व्यापार से है।** **अथवा**	**4** **1** **1** **6**
(ख)	(i) भारत में आर्थिक सुधारों के दौरान प्रारंभ किए गए कुछ सुधारों के कारणों व परिणामों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। **उत्तर - भारत में आर्थिक सुधारों के अंतर्गत प्रारंभ किए गए कर सुधारों का कारण कर चोरी पर अंकुश लगाना, बचत को प्रोत्साहित करना और आय का स्वैच्छिक घोषणा करवाना था। इसके अतिरिक्त, वस्तुओं के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार की स्थापना की सुविधा के लिए अप्रत्यक्ष कर सुधारों की आवश्यकता थी।** **सुधार अवधि के दौरान करों की दर में सुधार का उद्देश्य अधिक कर राजस्व प्राप्त करना था, लेकिन इससे कर राजस्व में वृद्धि नहीं हुई। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों को प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन ने कर राजस्व बढ़ाने के अवसर को और कम कर दिया, जिसका विकास और कल्याण व्यय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।** **(अन्य कोई उचित कारण/सुधार के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)** (ii) भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न व मिनीरत्न कंपनी का एक-एक उदाहरण दीजिए। **उत्तर: महारत्न कंपनी का उदाहरण - इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड।** **मिनीरत्न कंपनी का उदाहरण – भारत संचार निगम लिमिटेड।** **(अन्य कोई उचित उदाहरण के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)**	**2** **2** **1** **1** **6**
34.	म्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए : श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) किसी राष्ट्र में कार्यरत अथवा सक्रिय रूप से रोजगार की तलाश कर रहे व्यक्तियों के प्रतिशत को मापती है। भारत में, 2000 – 2019 के मध्य श्रम बल में 99.2 मिलियन व्यक्तियों की वृद्धि हुई थी। श्रम बल 396.3 मिलियन से बढ़कर 495.5 मिलियन हो गया था।	

	2012 – 2019 के दौरान, रोजगार में समान वृद्धि के बिना श्रम बल में हुई वृद्धि से बेरोजगारी में बढ़ोतरी हुई थी। भारत के श्रम बाजार में लैंगिक असमानताएँ उल्लेखनीय हैं, 2022 में महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 32.8% है, जो कि पुरुषों की श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 77.2% से काफी कम है। यह भारत की समग्र श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) का एक प्रमुख कारण है, जो कि वैश्विक औसत श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 47.3% से कम है। 2000 – 2019 के दौरान, ग्रामीण श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में 14.1% की गिरावट आई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 3.5% की गिरावट आई थी। 2019 – 2022 के मध्य यह प्रवृत्ति पलट गई, ग्रामीण श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में 6% (विशेषकर ग्रामीण महिलाओं में) और शहरी श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में 2.1% वृद्धि हुई। ये परिवर्तन दर्शाते हैं कि महिलाओं की श्रम बाजार भागीदारी में उतार-चढ़ाव होता है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसने श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को काफी प्रभावित किया किया है। महिलाएँ आर्थिक कठिनाइयों के दौरान कार्यबल में शामिल होती हैं, तथा जब परिस्थितियों में सुधार होता है, तो वे कार्यबल से निकल जाती हैं। दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (क) बेरोजगारी को परिभाषित कीजिए। **उत्तर: बेरोजगारी एक ऐसी स्थिति है जिसमें वे सभी व्यक्ति जो वर्तमान मजदूरी दर पर काम करने के इच्छुक और योग्य हैं, उन्हें काम नहीं मिलता है।**	**1**
	(ख) श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) का अर्थ लिखिए। **उत्तर: श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) किसी राष्ट्र में कार्यरत या सक्रिय रूप से रोजगार की तलाश करने वाले व्यक्तियों के प्रतिशत को मापती है।**	**2**
	(ग) 2000 – 2019 के दौरान ग्रामीण व शहरी श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में लैंगिक असमानताओं पर टिप्पणी कीजिए। **उत्तर - भारत के श्रम बाजार में लैंगिक असमानता उल्लेखनीय है, 2022 में महिलाओं की LFPR 32.8% है, जो पुरुषों की LFPR 77.2% से काफी कम है। 2000 - 2019 के दौरान, शहरी क्षेत्रों में 3.5% की गिरावट की तुलना में ग्रामीण LFPR में 14.1% की गिरावट आई।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
		6

* * *